Fourteenth Loksabha

Session : 10
Date : 01-03-2007

Participants : Mehta Shri Alok Kumar

Title: Need to rehabilitate the people displaced due to erosion caused by rivers Ganga and Bagmati in Samastipur district, Bihar.

श्री आलोक कुमार मेहता (समस्तीपुर) : महोदय, बिहार प्रांत के समस्तीपुर जिला अंतर्गत मोहनपुर प्रखंड के मोहिउद्दीनगर एवं मोहनपुर तथा कल्याणपुर प्रखंड में क्रमशः गंगा नदी एवं बागमती नदी के कटाव से बड़ी संख्या में लोग विस्थापित हुए हैं। इनकी जमीन, मकान एवं माल-जान इन नदियों के कटाव के कारण इनकी आगोश में आ गए। ये लोग किसी तरह दूसरे के मकानों में रहकर मजदूरी करके अपना जीवनयापन कर रहे हैं। इन लोगों के सामने भुखमरी की स्थिति है।

मैं केंद्र सरकार से मांग करना चाहूंगा कि इसका सर्वेक्षण कराकर लोगों के पुनर्वास की व्यवस्था की जाए।